भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 789
25 जुलाई, 2025 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों का क्षमता विस्तार

789. श्री मुजीबुल्ला खानः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क)ओडिशा राज्य में संचालित सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों की संख्या कितनी है;

(ख) वर्तमान क्षमता और प्रस्तावित क्षमता विस्तार का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों में आकर्षित किए गए निवेश का ब्यौरा क्या है;

(घ) इसमें सृजित रोजगार की संख्या कितनी है; और

(ङ) नई इकाइयों के लिए पर्यावरणीय मंज़ूरी की स्थिति क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (घ): इस्पात एक नियंत्रण-मुक्त क्षेत्र है और सरकार निवेश आकर्षित करने और रोज़गार सृजन के उद्देश्य से देश के सभी राज्यों में इस्पात क्षेत्र के विकास हेतु अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करती है। ओडिशा में वर्तमान में 60 इस्पात संयंत्र प्रचालित हैं, जिनमें से 59 निजी और 1 सार्वजनिक क्षेत्र में हैं। ओडिशा में कच्चे इस्पात की क्षमता पिछले पाँच वर्षों में 6.15 मिलियन टन से बढ़कर वर्तमान में 31.48 मिलियन टन हो गई है।

(ङ) इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। विभिन्न कानूनी अधिनियमों द्वारा स्थापित उचित प्रक्रिया का पालन करने के पश्चात पर्यावरण, वन और अन्य वैधानिक मंज़ूरी प्राप्त करना प्रत्येक कंपनी की ज़िम्मेदारी है। पूर्व में, जनवरी 2020 से 21 जुलाई 2025 तक की अवधि के लिए विभिन्न कंपनियों को 34 पर्यावरणीय मंज़ूरी जारी की जा चुकी हैं।

*****